# 13 मिठ्ठू ने बिखेरी स्याही



आओ, हम भी स्याही या रंगों के धब्बों से ऐसे ही कुछ डिज़ाइन बनाएँ।



एक कागज़ लो



उसे बीचों–बीच से मोड़ लो



मोड़ को खोलो और बीच की रेखा पर रंग की एक बूँद डालो।



इसे मोड़ो और कागज़ को दबाओ ताकि रंग फैल जाए।





अब इसे खोलो और देखो एक सुन्दर–सा डिज़ाइन बन गया।









अध्यापक एवं अभिभावक बच्चों से दोनों तरीकों से विभिन्न डिज़ाइन बनवाएँ।


दर्शाए गए चित्र के साथ आइना सटा हुआ है सोचिए उसमें चित्र कैसा दिखाई देगा। वैसा ही बनाकर दिखाओ –



इन चित्रों को देखो। कौन–कौन सी चीज़ों को आप एक जैसे दो हिस्सों में बाँट सकते हो? रेखा खींचकर बाँटो –





दिए गए चित्र में कौन–कौन से अक्षर एक से अधिक तरीकों से दो समान भागों में बाँटे जा सकते है –





- आप अंग्रेजी और हिंदी वर्णमाला के अक्षर लिखिए, जिन्हें दो बराबर–बराबर भागों में बाँटा जा सकता है।


# शीशे से बातें










हम सब ने एक पाया शीशा,
हमको बड़ा ही भाया शीशा।
शीशे के आगे रखने पर,
कुछ चीज़े दिखती थी ऐसी।
आओ हम सब मिलकर देखें
दिखेंगी बाकी चीज़ें कैसी ?












आइने के स्थान पर खींची गई रेखा ही सममिति रेखा है।




इस चित्र के पास आइना रखने से


यह ऐसा दिखता है।





अध्यापक एवं अभिभावक एक बिना फ्रेम का शीशा लेकर उसे बिन्दु वाली रेखा पर रखकर आकृति का आकार देखने को कहें। द्विआयामी आकारों की पहचान को मजबूत करने के लिए शीशे की मदद से सरल गतिविधियाँ करना बच्चों के लिए रोचक होगा।

नीचे कुछ चित्रों के साथ उनके प्रतिबिम्ब दिए गए हैं। दोनों के मध्य आइना कहाँ रखेंगे, रेखा खींच कर दिखाएँ –









अध्यापक एवं अभिभावक बच्चों के साथ चर्चा करें कि आइने के स्थान पर खींची गई रेखा ही सममिति रेखा हैं ।